यूपी और दक्षिण कोरिया के बीच कई क्षेत्रों में हुआ करार

शैक्षिक, सांस्कृतिक, आर्थिक क्षेत्र में सेवा व तकनीकों का होगा आदान-प्रदान, सीएम ने कहा- हजारों साल पुराने हमारे आत्मिक रिश्ते फिर से हो रहे प्रगाढ़

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश और दक्षिण कोरिया के बीच शैक्षिक, सांस्कृतिक और आर्थिक क्षेत्र में सेवा और तकनीक का आदान प्रदान होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दक्षिण कोरिया के ग्योंगसांगबुक-डो प्रांत के गवर्नर ली. चेओलवू की मौजूदगी में सोमवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

गवर्नर ली. चेओलवू के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार शाम को मुख्यमंत्री आवास पहुंचा। इस दौरान प्रदेश सरकार की ओर से अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह और ग्योंगसांगबुक-डो प्रांत के महानिदेशक ब्यूरो ऑफ इकोनॉमिक एंड इंडस्ट्रियल अफेयर ली यंगसेओक ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एमओयू के तहत यूपी के छात्रों को ग्योंगसांगबुक-डो में स्थित विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। ग्योंगसांगबुक-डो में स्थित कंपनियों में यूपी से कार्यबल बढ़ाने के लिए मदद दी जाएगी। वहीं, दक्षिण कोरिया

सीएम योगी की मौजूदगी में दक्षिण कोरिया के साथ कई क्षेत्रों में हुआ एमओयू। -सूचना

प्रदेश में वेलनेस सेंटर बनाने में सहयोग करेगा। भारतीय कंपनियों को ग्योंगसांगबुक-डो में प्रवेश की सुविधा देगा। यूपी प्रशासन की सहायता से नोएडा में द्विवार्षिक ग्योंगसांगबुक-डो मेले का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में व्यापारिक आदान-प्रदान होगा। कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष दयाशंकर मिश्र 'दयालु', मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने दक्षिण कोरियाई मेहमानों के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन किया।

यूपी की समृद्धि व प्रगति में योगदान मिलेगा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता के आदान-प्रदान और आपसी निवेश को बढ़ावा देने से ग्योंगसांगबुक-डो प्रांत और यूपी को समृद्धि व प्रगति में योगदान मिलेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते शताब्दियों पुराने हैं। अयोध्या में क्वीन हो मेमोरियल पार्क निर्माण पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि दुनिया की नामी इलेक्ट्रानिक कंपनी सैमसंग और एलजी का जन्म दक्षिण कोरिया के ग्योंगसांगबुक-डो प्रांत में माना जाता है। गवर्नर ली चेओलवू ने यूपी में हो रहे विकास और निवेश की सराहना की।